# मारीशस के व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने व्यापार, निवेश की संभावनाएं तलाशीं

वाराणसी/लखनऊ, 11 सितंबर (भाषा)।

मारीशस के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को यहां भारतीय उद्योग मंडलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, कृत्रिम मेधा एवं अन्य क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशीं। इस बैठक का उद्देश्य उत्तर प्रदेश और मारीशस के बीच आर्थिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना और दीर्घकालिक निवेश साझेदारियों को बढ़ावा देना था। चर्चा में आइआइए, सीआइआइ, पीएचडीसीसीआइ, इंडियन अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स, एसोचैम और लघु उद्योग भारती जैसे उद्योग मंडलों के अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

'इन्वेस्ट यूपी' के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने निवेश के अवसरों पर एक प्रस्तुति दी।

'इन्वेस्ट यूपी' के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने मारीशस के 28-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों पर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने राज्य की मजबूत बुनियाद का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की 56 फीसद से अधिक आबादी कार्यशील आयु वर्ग में आती है जो एक बड़ा जनसांख्यिकीय लाभ प्रदान करती है। उन्होंने राज्य में एक्सप्रेसवे के विस्तृत नेटवर्क, पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों (एशिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों में से एक निर्माणधीन नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी शामिल) की मौजूदगी और 16 घरेलू हवाई अड्डों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य 34 से अधिक क्षेत्र-विशिष्ट नीतियां प्रदान करता है, जिनमें भारत के सबसे आकर्षक प्रोत्साहन शामिल हैं।